स्कूल दंत देखभाल सेवा ।

स्कूल दंत देखभाल सेवा, स्वास्थ्य-विभाग द्वारा हांग कांग के समस्त प्राथमिक स्कूलों में मुहैया कराया गया एक दंत-देखभाल कार्यक्रम है। यह दाँतों की बीमारियों से बचाने के लिए विद्यार्थियों को मूल दंत-इलाज प्रदान करता है और अच्छी मौखिक स्वास्थ्य (ओरल हेल्थ) देखभाल आदतों को बढ़ावा देता है।

इस सेवा से जुड़ना

नये स्कूल सत्र के आरम्भ होते ही सहभागी स्कूलों के विद्यार्थी अपने विद्यालयों के माध्यम से नामांकन करवा सकते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वे आवेदन-पत्र पूरा करें और नाममात्र के शुल्क सहित इसे विद्यालय में जमा करें। ग़ैर-प्रतिभागी स्कूलों के विद्यार्थी वैयक्तिक रूप से इस सेवा से जुड़ सकते हैं। माता-पिता नामांकन के लिए अपनी पसंद के स्कूल-दंत-क्लिनिक से संपर्क कर सकते हैं।

विशेष परिस्थितियों में, यदि आपका बच्चा प्राथमिक स्कूल स्तर तक पहुँच गया है और उपर्युक्त तरीकों के माध्यम से अभी तक SDCS से नहीं जुड़ा है, तो कृपया पूछताछ के लिए अपने स्कूल-दंत-क्लिनिक से संपर्क करें।

सेवा योजना

इस योजना से जुड़े नामांकित विद्यार्थी चालू वर्ष के 1 नवम्बर से अगले वर्ष की 31 अक्तूबर तक एक वर्ष की दंत देखभाल का लाभ उठा सकते हैं। उनके लिए मौखिक परीक्षा और उपचार के लिए स्कूल दंत क्लिनिक में भाग लेने की व्यवस्था की जाएगी। फॉलो-अप की आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए अगली अपॉइंटमेंटें दी जाएंगी।

सेवा प्रदाता

यह सेवा योग्य दंत-चिकित्सकों या प्रशिक्षु दंत-चिकित्सकों द्वारा प्रदान की जाती है जो दंत-सर्जकी के देखरेख में कार्य करते हैं।

इस सेवा का कार्यक्षेत्र

विद्यार्थियों को इनकी पेशकश की जाती है:

- अच्छी स्व-देखभाल वाली दंत-आदतों को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने हेतु मौखिक स्वास्थ्य शिक्षा
- मौखिक परीक्षण
- रोकथाम उपचार जैसे स्केलिंग, फिशर सीलेंट का प्रयोग
- मूल दंत उपचार जैसे फिलिंग्स, दाँत निकालना
- यदि आवश्यक हो तो दंत सर्जनों द्वारा अधिक जटिल दंत प्रक्रियाएं की जा सकती हैं
- कार्यालयीन समय के दौरान आपातकालीन सेवा

सेवा प्रबंध

स्कूलों की पसंद के अनुसार विद्यार्थियों को बस सुविधा प्रदान की जाती है। वैयक्तिक रूप से पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए स्कूल समय के अलावा अन्य समय में क्लिनिक जाने की व्यवस्था की जायेगी। पंजीकृत विद्यार्थी कार्यालयीन समय में अपने निर्दिष्ट स्कूल दंत क्लिनिक कों आपातकालीन सेवा प्राप्त कर सकते हैं।

स्कूल दंत क्लिनिक

स्कूल दंत क्लिनिक वांचाई, कोवलून सिटी, लैम टिन, शैटिन, टुएन मुन, कवाई चंग और फेनलिंग में स्थित हैं। विद्यार्थियों के लिए उनके स्कूल के स्थान के अनुसार निम्नलिखित क्लिनिकों में से किसी एक में भाग लेने की व्यवस्था की जाएगी।

Tang Shiu Kin School Dental Clinic

286 Queen’s Road East, Wanchai, Hong Kong

1/F, MacLehose Dental Centre	2892 2147
5/F, MacLehose Dental Centre	2892 2125

Lam Tin School Dental Clinic

2/F, Lam Tin Polyclinic, 99 Kai Tin Road, Lam Tin, Kowloon — 3163 4530

1/F Argyle Street Jockey Club School Dental Clinic

1/F, 147J, Argyle Street, Kowloon — 2760 5214

3/F Argyle Street Jockey Club School Dental Clinic

3/F, 147J, Argyle Street, Kowloon — 2760 5232

Pamela Youde School Dental Clinic

1/F, 31-33 Chap Wai Kon Street, Shatin, N.T. — 2210 1678

Ha Kwai Chung School Dental Clinic

1/F, Ha Kwai Chung Polyclinic & Special Education Services Centre, 77 Lai Cho Road, Kwai Chung, NT. — 3651 5587

Tuen Mun School Dental Clinic

16 Tsun Wen Road, Tuen Mun, N.T. 2460 5667

Fanling School Dental Clinic

2/F, Fanling Health Centre, 2 Pik Fung Road, Fanling, N.T. 2639 4646

स्कूल दंत देखभाल सेवा पुस्तिका

सभी नामांकित विद्यार्थियों को एक पुस्तिका दी जाती है। यह माता-पिता और क्लिनिक कर्मचारियों के बीच के संवाद को बेहतर बनाने का काम करती है। प्रत्येक मुलाकात में प्रदानकिये गए इलाज के रिकॉर्ड द्वारा माता-पिता अपने बच्चे के दंत-विकास और मौखिक स्वास्थ्य (ओरल हेल्थ) की स्थिति समझ सकते हैं। इस पुस्तिका में एक मौखिक स्वास्थ्य (ओरल हेल्थ) प्रश्नोत्तर भाग है जिसमें बच्चों में पायी जाने वाली कुछ सामान्य दंत समस्याओं का विवरण है।

हॉटलाइनें एवं वेबसाइटें

स्कूल दंत देखभाल सेवा और मौखिक स्वास्थ्य (ओरल हेल्थ) शिक्षा के लिये स्वास्थ्य विभाग निम्नलिखित हॉटलाइनें और वेबसाइटें चलाता है:

School Dental Care Service Hotline : 29286132

School Dental Care Service Website : www.schooldental.gov.hk

ToothClub Website : www.toothclub.gov.hk

पंजीकृत छात्र ऑनलाइन सेवाओं का आनंद लेने के लिए हमारे ऑनलाइन यूज़र्स के रूप में रजिस्टर कर सकते हैं।